# एनएमडीसी लिमिटेड

बैलाडिला लौह अयस्क खान बचेली कॉम्प्लेक्स
पोस्टः बचेली, जिलाः दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)

## बीएससी नर्सिंग कोर्स हेतु ऑनलाइन प्रवेश सूचना – 2025
## (केवल अजजा छात्राओं हेतु)

एनएमडीसी के नैगमिक सामाजिक दायित्व (CSR) के तहत बालिका शिक्षा योजना अंतर्गत बस्तर क्षेत्र के इच्छुक गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले आदिवासी **(अजजा)** छात्राओं को हैदराबाद के विभिन्न नर्सिंग कॉलेजों में बीएससी (B.Sc) नर्सिंग (04 वर्षीय) पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु न्यूत्तम 17 **वर्ष** अधिकतम 35 **वर्ष** से कम उम्र की आवेदिकाओं से आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। इस पाठ्यक्रम में कुल **110 सीटें** है, चयनित छात्राओं को **निःशुल्क** शिक्षा प्रदान की जायेगी।

**योग्यताः**

**बीएससी (नर्सिंग):**

1. 12वीं में विज्ञान विषयों में **(भौतिक, रसायन एवं बायोलॉजी)** कम से कम 45 प्रतिशत अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए तथा संपूर्ण विषयों में कुल योग 45 प्रतिशत होना अनिवार्य है।
2. अंग्रेजी विषय में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
3. **बीएससी नर्सिंग में प्रवेश हेतु आवेदिकाओं को नीट (NEET) 2025 की परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य हैं।**

- अभ्यार्थियों को बस्तर क्षेत्र के **दंतेवाड़ा, बस्तर, सुकमा, कोंडागांव, बीजापुर एवं नारायणपुर** जिले का निवासी होना अनिवार्य है।
- परिवार की कुल वार्षिक आय रू. 72,000/– से अधिक न हो (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र 01 वर्ष (30.09.2024) से अधिक पुराना न हो)।
- यह योजना केवल (अजजा) **ST** छात्राओं के लिए मान्य है।

**आवेदन प्रक्रियाः**

1. आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। उम्मीदवारों को ऑनलाइन मोड में ही आवेदन करना होगा।
2. अभ्यर्थियों को एनएमडीसी की वेबसाइट **https://www.nmdc.co.in/careers** के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है (लिंक वेबसाइट के करियर पेज पर उपलब्ध है)। लिंक 26.09.2025 को प्रातः 10:00 **बजे** से 30.09.2025 को शाम 05:00 **बजे** तक वैध रहेगा।
3. अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन पत्र में सभी आवश्यक विवरण भरने एवं उल्लेखित आवश्यक दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों को अपलोड करना अनिवार्य है, अन्यथा उनका आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा।

**ऑनलाइन आवेदन के दौरान निम्नलिखित दस्तावेजों की स्कैन्ड प्रति अपलोड करना अनिवार्य है:**

1. 10वीं की अंक सूची
2. 12वीं की अंक सूची
3. नीट **(NEET)** 2025 का स्कोर कार्ड
4. जाति प्रमाण पत्र (अनुसूचित जनजाति – ST, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी)
5. आय प्रमाण पत्र (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी, 30.09.2024 से अधिक पुराना न हो)
6. निवास प्रमाण पत्र (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी)
7. आधार कार्ड या राशन कार्ड
8. पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो
9. हस्ताक्षर (Signature)

**चयन प्रक्रियाः**

- अभ्यार्थियों का चयन **मेरिट के आधार पर** की जाएगी।
- मेरिट के आधार पर अभ्यार्थियों का चयन **दस्तावेज सत्यापन एवं चिकित्सा परीक्षण** के उपरांत किया जाएगा।

**संपर्क सहायताः** ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर निम्नलिखित हेल्पलाइन नंबर/ईमेल पर संपर्क करें:

हेल्पलाइनः **7044599061** ईमेलः **nmdcnisp18@gmail.com**

**महत्वपूर्ण टीपः**
1. एनएमडीसी परियोजनाओं के आस–पास के क्षेत्रों के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी तथा योग्यता के आधार पर चयन किया जाएगा।
2. जिन अभ्यर्थियों ने पहले ऑन–लाइन आवेदन किया है, उन्हें नया आवेदन प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है।

वास्ते

सीएसआर विभाग
एनएमडीसी, बीआईओएम बचेली कॉम्प्लेक्स